संख्या-36/18-4-2025-18(विविध)/17टी0सी0-2

प्रेषक,

दयाराम यादव,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक उद्योग,
उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ0प्र0
कानपुर।

सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 07 फरवरी,2025

विषय- वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-003 के अंतर्गत **एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के उपमद-3003-योजना संबंधी अन्य व्यय** के क्रियान्वयन हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-651/ओ0डी0ओ0पी0/बजट/2024-25, दिनांक 13-01-2025 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-003 के अंतर्गत **एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के उपपद-3003-योजना संबंधी अन्य व्यय** के क्रियान्वयन हेतु धनराशि रू0 11000.00 लाख प्राविधानित की गयी है। उक्त प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष शासनादेश संख्या-311/18-4-2024-18(विविध)/17टी0सी0-2 दिनांक 04-6-2024 द्वारा प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू0 2750.00 लाख एवं शासनादेश संख्या-697/18-4-2024-18(विविध)/17टी0सी0-2 दिनांक 23-09-2024 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में धनराशि रू0 4125.00 लाख की वित्तीय स्वीकृत निर्गत की गई है । तद्क्रम में प्रश्नगत मद हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 11000.00 लाख में से उक्तानुसार शासनादेश दिनांक 04-06-2024 द्वारा प्रथम किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि रू0 2750.00 लाख एवं शासनादेश दिनांक 23-09-2024 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि रू0 4125.00 लाख को प्राविधानित धनराशि में से घटाने के फलस्वरूप उक्त योजना मद में अवशेष धनराशि रू0 4125.00 लाख में से धनराशि रू0 2500.00 लाख (रू0 पच्चीस करोड़) मात्र की वित्तीय स्वीकृति तृतीय किश्त के रूप में निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबंधों के अधीन निर्गत करते हुए धनराशि आपके निवर्तन पर रखते हुए व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि का उपयोग तत्कालिक आवश्यकता के आधार पर किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोग स्वीकृत कार्यो पर ही किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का अन्य मद में व्यावर्तन किसी भी दशा में अनुमन्य न होगा। आंकडों की शुद्धता एवं धनराशि की अनुमन्यता विभाग द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उपरोक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण करने के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत योजना/कार्य किसी अन्य योजना से स्वीकृत नहीं हुआ/हो रहा है और न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(3) प्रश्नगत योजना मदों पर स्वीकृत की जा रही धनराशि व्यय करने के पूर्व सुसंगत प्रक्रियाओं यथा-टेण्डर आदि का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

(4) योजनान्तर्गत विभिन्न मदों पर व्यय की फेजिंग की जायेगी तथा तद्नुसार वास्तविक तत्कालिक आवश्यकता के अनुसार ही धनराशि का आहरण किया जायेगा। एकमुश्त धनराशि का आहरण नहीं किया जायेगा।

(5) योजनान्तर्गत स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0/बैंक खाता में जमा नहीं किया जायेगा तथा शासकीय व्यय मितव्ययिता संबंधी वित्त विभाग द्वारा समय समय पर जारी किये गये शासनादेशों में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन कडाई से सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) उपरोक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष होने वाले व्यय का नियंत्रण, वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 6 जून,1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) व्यय प्रबंधन एवं शासकीय व्यय में मितव्यतिता के सम्बंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तो की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य मानको (स्टेण्डर्डस ऑफ फाईन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि के व्यय के सम्बंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च 2024 एवं वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये अन्य सुसंगत शासनादेशों में उल्लिखित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ ही एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा समय समय पर जारी किये गये सुसंगत शासनादेशों द्वारा प्रदत्त निर्देशों का भी कड़ाई से अनुपालन करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(9) स्वीकृत धनराशि का मदवार मासिक व्यय विवरण शासन के विशेष सचिव वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उ0प्र0 शासन को प्रपत्र बी-एम-13 में पूर्णतया भरकर उपलब्ध कराया जायेगा।

(10) वर्तमान में द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की जा रही धनराशि रू0 2500.00 लाख से संबंधित सदुपयोगिता प्रमाण-पत्र/व्यय विवरण धनराशि व्यय होने के एक माह के अंदर आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ0प्र0 कानपुर द्वारा महालेखाकार (लेखा परीक्षा)-1 एवं 2 उ0प्र0 प्रयागराज/लखनऊ तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उ0प्र0 शासन को अवश्य उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा ।

(11) उक्तानुसार स्वीकृत की जा रही धनराशि से सामग्री उपकरण आदि के क्रय हेतु सामग्री क्रय के संबंध में समय समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों में निर्धारित क्रय प्रक्रिया/व्यवस्थाओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।

(12) चालू वित्तीय वर्ष में प्रश्नगत योजना मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष पूर्व में स्वीकृत धनराशि के व्यय के पश्चात् ही इस शासनादेश द्वारा स्वीकृत की जा रही धनराशि आहरित कर व्यय की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2- उक्त कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-003 के अधीन लेखाशीर्षक-"2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-102-लघु उद्योग-30-एक जनपद एक उत्पाद योजना-03- **योजना संबंधी अन्य व्यय**-42-अन्य व्यय" (लेखाशीर्षक 15 अंकों में 2851-00-102-30-03-42) के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च 2024 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अंतर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(दयाराम यादव)
अनु सचिव।

संख्या-36(1)/18-4-2025, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज/लखनऊ ।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज/लखनऊ ।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा-।)सी0ए0एस0एस0-3/टी0डी0ए0 कोआर्डिनेशन,उ0प्र0 प्रयागराज/लखनऊ ।
4- कोषाधिकारी, कानपुर/लखनऊ ।
5- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ ।
6- आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, ओ0डी0ओ0पी0 प्रकोष्ठ उ0प्र0, लखनऊ ।
7- वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 उद्योग निदेशालय, कानपुर/लखनऊ।
8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनु0-1, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनु0-2/3
9- उप सचिव(श्री पुष्पेन्द्र सिंह) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उ0प्र0 शासन को ऑनलाइन बजट एलाटमेण्ट सिस्टम में प्रविष्टि हेतु ।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(दयाराम यादव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।